भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1326
जिसका उत्तर मंगलवार 18 दिसम्बर, 2018 को दिया जाना है

इलेक्ट्रिक वाहनों का विनिर्माण

1326. डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक:
श्री मानशंकर निनामा:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण के लिए कोई नीति/चरण-वार कार्यक्रम बनाया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण में रुचि दर्शाने वाली वाहन निर्माता कंपनियों के नाम क्या है; और

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता कंपनियों को कुल कितनी निधि प्रदान की गई है और इस संबंध में की गई पहलों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख): जी हाँ, इलैक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहन प्रौद्योगिकी के विनिर्माण को बढावा देने और इसकी सतत वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए, भारी उद्योग विभाग एक स्कीम नामतः फेम-इंडिया योजना [भारत में (हाइब्रिड और) इलैक्ट्रिक वाहनों का विनिर्माण एवं तीव्र अंगीकरण] का प्रबंधन करता है। इस योजना को दिनांक 31 मार्च, 2019 अथवा फेम-II की अधिसूचना, जो की जल्दी हो, तक बढा दिया गया है। यह योजना भारत सरकार की हरित पहलों में से एक है, जोकि निकट भविष्य में सड़क परिवहन क्षेत्र से प्रदूषण को कम करने में सबसे बड़े सहयोगियों में से एक होगी।

(ग): फेम-इंडिया योजना के अंतर्गत 27 वाहन विनिर्माण कंपनियां पंजीकृत हैं। सरकार द्वारा इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत वाहन विनिर्माण कंपनियों का एक विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

(घ): इस योजना के अंतर्गत, प्रोत्साहनों, अनुसंधान एवं विकास, प्रायोगिक परियोजनाओं और चार्जिंग अवसंरचना की सहायता करने के संबंध में अब तक निम्नलिखित सहायता उपलब्ध कराई गई हैः

क्रम सं.	वित्तीय वर्ष	उपलब्ध कराई गई धनराशि
1.	2015-16	₹. 75 करोड़ (लगभग)
2.	2016-17	₹. 144 करोड़ (लगभग)
3.	2017-18	₹. 165 करोड़ (लगभग)

इलेक्ट्रिक वाहनों को बढावा देने के लिए फेम-इंडिया योजना को समय-समय पर बढाया गया है।

******

अनुबंध -I

फेम-इंडिया योजना के अंतर्गत पंजीकृत ओईएम

क्रम सं.	ओईएम का नाम
1.	अजंता मैन्यूफैक्चरिंग लि.
2.	अम्पेयर व्हीकल्स प्रा. लि.
3.	अवन मोटर्स प्रा. लि.
4.	एवन साइकल्स लि.
5.	क्रिस मोटर्स
6.	इलेक्ट्रोथर्म (इंडिया) लि.
7.	ईएनवीईई व्हील्स प्रा. लि.
8.	हीरो इलेक्ट्रिक व्हीकल्स प्रा. लि.
9.	जाईम ऑटोमोटिव प्रा. लि.
10.	जितेन्द्र न्यु ईवी टेक प्रा. लि.
11.	कलिंगा वेन्चर्स इंडिया प्रा. लि.
12.	काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशन्स लि.
13.	लोहिया ऑटो इंडस्ट्रीज
14.	महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लि.
15.	महिन्द्रा इलैक्ट्रिक मोबिलिटी लि.
16.	मारुति सुजुकी इंडिया लि.
17.	मिराक्ल 5 ऑटो मोबाइल्स प्रा. लि.
18.	एनडीएस इको मोटर्स प्रा. लि.
19.	एनआईबीई मोटर्स प्रा. लि.
20.	ओकिनावा ऑटो टेक प्रा. लि.
21.	शेमा ई-व्हीकल एंड सोलर प्रा. लि.
22.	सुपरइको ऑटोमोटिव को. एलएलपी
23.	टाटा मोटर्स लि.
24.	टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्रा. लि.
25.	टनवाल ई-व्हीकल इंडिया प्रा. लि.
26.	टीवीएस मोटर कंपनी लिमिटेड
27.	वोल्वो इंडिया प्रा. लि.